# भारत-इक्वाडोर के बीच व्यापार व टेक्नोलॉजी पर जोर

## एस. जयशंकर और गैब्रिएला सोमरफेल्ड ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा



**नई दिल्ली, 29 अप्रैल. भारत और इक्वाडोर के बीच संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को नई दिल्ली में एक अहम कूटनीतिक बैठक आयोजित हुई. इस बैठक में एस. जयशंकर और गैब्रिएला सोमरफेल्ड ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की.**

दोनों नेताओं ने व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, डिजिटल क्षेत्र और क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया।बैठक के दौरान यह सहमति बनी कि भारत और इक्वाडोर न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी मिलकर काम करेंगे। वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए साझा दृष्टिकोण अपनाने पर भी दोनों पक्षों ने सहमति जताई। इस मौके पर भारत ने इक्वाडोर के इंटरनेशनल सोलर एलाइंस इंटरनेशनल बीग कॉट एलाइंस से जुड़ने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय का स्वागत किया, जिसे पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. इसके अलावा, बैठक में 'क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट्स' के लिए फंडिंग पर भी सहमति बनी, जिससे दोनों देशों के बीच विकास सहयोग को और गति मिलेगी। यह पहल विशेष रूप से स्थानीय स्तर पर विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देने में सहायक साबित होगी।इक्वाडोर की विदेश मंत्री गैब्रिएला सोमरफेल्ड तीन दिन के भारत दौरे पर हैं. इस दौरान वह राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगी। साथ ही वह जेपी नड्डा और पीयूष गोयल सहित कई केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगी.

### सैन्य साझेदारी बढ़ाने पर भारत-अमेरिका में सहमति

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल.** भारत और अमेरिका ने रक्षा संबंधों को और मजबूत करने तथा क्षेत्रीय स्थिरता, उन्नत क्षमता विकास और प्रगाढ़ सैन्य सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है. सेना ने बुधवार को बताया कि भारतङ्कअमेरिका सैन्य साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पिछले सप्ताह अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन का दौरा किया। चार दिन की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा की. जनरल द्विवेदी ने अमेरिका के सेना सचिव डेनियल पी. ड्रिस्कॉल के साथ बातचीत की। साथ ही उन्होंने अमेरिकी सेना के कार्यवाहक स्टाफ प्रमुख जनरल क्रिस्टोफर ला नेव से भी मुलाकात की.

# लखनऊ से शिक्षा की क्रांति शुरू : रामदेव

▶ भारतीय शिक्षा बोर्ड लखनऊ कार्यालय का भव्य उद्घाटन




**हरिद्वार/लखनऊ, 29 अप्रैल. भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का दिव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी, स्वामी रामदेव, अतिथि डॉ एनपी सिंह सहित संतों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित करके किया गया. प्रांतीय कार्यालय क्रिश्चयन कॉलेज लखनऊ के प्रांगण में खुला है.**

इस अवसर पर सानिध्य दे रहे स्वामी रामदेव ने कहा कि जिस तरह से योग क्रांति की शुरुआत हुई थी, ठीक उसी तरह उत्तरप्रदेश की लखनऊ की इस धरा से शिक्षा की क्रांति की शुरुआत होने जा रही है. जिसके मूल में भारतीय शिक्षा बोर्ड है. उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ने वाला कोई बच्चा आतंकवादी और व्यवभाचारी नहीं बनेगा.

शिक्षा संवाद के दौरान मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि अंग्रेजी स्कूलों में जो शिक्षा दी जा रही है, वह दिशाहीन हो चुकी हैं. उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के तहत जो बीड़ा उठाया है, वह निश्चित तौर पर बच्चों के चरित्र निर्माण करेगा. स्वामी ने कहा कि योग क्रांति के बाद अब शिक्षा को लेकर बड़ी क्रांति होने जा रही है. उन्होंने कहा कि आज मोबाइल और सोशल मीडिया की वजह से बच्चे डिजिटल एडिक्शन के शिकार हो चुके हैं.

## सीएम भगवंत मान को 1 मई का अल्टीमेटम

**मनसा, 29 अप्रैल.** मानसा की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजिंदर सिंह नागपाल ने बुधवार को स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान अक्टूबर 2022 के बाद से अदालत में पेश नहीं हुए हैं. अक्टूबर 2022 में ही बेल बॉन्ड भरने के बाद उन्हें जमानत दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद लगातार गैरहाजिरी से मामला लंबित है। मंगलवार को भगवंत मान के वकील ने चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक का हवाला देते हुए छूट की अर्जी दी. अदालत ने इसे केवल आज के लिए मंजूर किया, लेकिन अगले दिन यानी 1 मई को उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य कर दी. अदालत ने साफ किया कि अगर अगली सुनवाई में भी वे पेश नहीं होते हैं, तो जमानत रद्द कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।2019 में दर्ज इस मानहानि मामले में शिकायतकर्ता मनशाहिया ने आरोप लगाया था कि भगवंत मान ने उनके खिलाफ और अन्य पत्रकारों के खिलाफ बयान दिए, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी बदलने के लिए पैसे लिए।



### पीएम मोदी ने काशी में की पूजा

**वाराणसी, 29 अप्रैल.** प्रधानमंत्री ने अपने दौरे की झलकियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - पर भी साझा कीं. उन्होंने 'हर हर महादेव' के कैप्शन के साथ तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि बाबा विश्वनाथ के दर्शन और पूजन का सौभाग्य मिला. साथ ही उन्होंने मां अन्नपूर्णा और मां गंगा के दर्शन से मिली शांति का भी उल्लेख किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' के जयकारों के बीच उनका स्वागत किया गया और प्रवेश द्वार पर बटुकों द्वारा शंखनाद किया गया.

# धर्म की मूल भावना से छेड़छाड़ न हो : सुप्रीम कोर्ट

**सबरीमाला मामले में आस्था बनाम अधिकार पर सवाल**

**महिलाओं का मंदिर प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता**

**नई दिल्ली,29 अप्रैल. सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मामले में सुनवाई के दौरान एक अहम टिप्पणी की है कि धर्म की मूल भावना से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। अदालत ने सवाल उठाया कि उत्तर भारत के किसी गैर-आस्थावान व्यक्ति को किस आधार पर मंदिर में प्रवेश का अधिकार प्राप्त हो सकता है.**



नौ जजों की संविधान पीठ ने जोर देकर कहा कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में आस्था का पहलू भी अहम है।सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट का 2018 का फैसला अब भी प्रभावी है, लेकिन महिलाओं को मंदिर में प्रवेश में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि अदालत धर्म की परिभाषा तय नहीं करती, बल्कि यह धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं का विषय है. जयसिंह ने महिलाओं के 10-50 वर्ष आयु समूह में प्रवेश पर रोक को उनके महत्वपूर्ण जीवन अधिकारों से वंचित करना बताया. कोर्ट ने टिप्पणी की कि महिला को उनके सामाजिक वर्ग के आधार पर नहीं, बल्कि आयु समूह के अनुसार रोका गया था. न्यायपालिका ने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी ताकत है और अनुच्छेद 26 के तहत धार्मिक संप्रदायों को अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार भी है.

### हेट स्पीच पर नया कानून नहीं : सुको

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल.** उच्चतम न्यायालय ने देश भर में नफरती भाषण (हेट स्पीच) पर अंकुश लगाने के लिए कोई भी नया दिशा-निर्देश जारी करने से बुधवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की मांग करने वाली याचिकाओं के एक बैच को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि हेट स्पीच की समस्या से निपटने के

# 19 राज्यों में भारी बारिश-आंधी का अलर्ट

नई दिल्ली, 29 अप्रैल. देश के मौसम में आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, 30 अप्रैल से 4 मई के बीच देश के 19 राज्यों में बारिश, तेज आंधी, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की घटनाएं हो सकती हैं. इस दौरान कई क्षेत्रों में 'रेड अलर्ट' जैसी स्थिति बनने की आशंका जताई गई है. मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों— जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड— में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है।

## महाराष्ट्र सरकार ने बदला प्रोटोकॉल

**मुंबई, 28 अप्रैल. महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने 28 अप्रैल को सरकारी प्रोटोकॉल में संशोधन किया. नए नियमों के अनुसार, राज्य के अधिकारियों को अब उन विधायकों और सांसदों के सामने खड़े होकर अभिवादन करने की आवश्यकता नहीं है, जिन्हें किसी अपराध में दोषी ठहराया गया है या जिन्हें जांच/सुनवाई के लिए बुलाया गया है।** सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस बदलाव का उद्देश्य अधिकारियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना है. अधिकारी जो जांच या सुनवाई के लिए आए लोगों के सामने खड़े होंगे, तो इससे अनजाने में पक्षपात का संकेत मिल सकता है। इसलिए संशोधित दिशानिर्देश में कहा गया है कि ऐसे मामलों में प्रतिनिधियों के साथ आम नागरिक जैसा व्यवहार किया जाएगा. पूर्व दिशा-निर्देश नवंबर 2025 में जारी किए गए थे, जिसमें अधिकारियों को हमेशा विधायकों और सांसदों के प्रति सम्मानपूर्वक व्यवहार करना आवश्यक था. नए बदलाव में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई विधायक या सांसद दोषी नहीं है और सामान्य सरकारी कार्य के लिए उपस्थित है, तो उनके लिए पुराना प्रोटोकॉल लागू रहेगा.

# बंगाल चुनाव में सितारों ने किया मतदान

**फिल्मी हस्तियों ने लोकतंत्र में निभाई भूमिका**

**मिथुन चक्रवर्ती समेत कई कलाकारों ने डाला वोट**





**कोलकाता, 29 अप्रैल. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के दौरान बुधवार को बांग्ला फिल्म जगत की मशहूर हस्तियों ने बढ़-चढ़कर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया और जनता से भी मतदान करने की अपील की।दिग्गज अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती भी काशीपुर-बेलगाछिया निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करने पहुँचे.**

काले रंग की टी-शर्ट, टोपी और चश्मे के साथ गले में नारंगी रंग का स्कार्फ पहने मिथुन ने मतदान के बाद मीडिया से कहा कि उन्होंने किसी विशेष व्यवस्था की मांग नहीं की थी. उन्होंने विश्वास जताया कि पूरी प्रक्रिया सुचारू और शांतिपूर्ण रहेगी. मतदान केंद्रों पर पहुँचने वाले प्रमुख नामों में अभिनेता-निर्देशक जोड़ी सुभाश्री गांगुली और राज चक्रवर्ती (बैरकपुर विधानसभा क्षेत्र से टीएमसी उम्मीदवार) शामिल थे. वे कस्बा स्थित पोलिंग बूथ पर रोजमर्रा के परिधानों में नजर आए. मतदान के बाद इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर अपनी उंगलियों पर लगी स्याही दिखाते हुए एक सेल्फी साझा की और नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।मीडिया से बातचीत के दौरान सुभाश्री गांगुली ने एक प्रभावशाली उपमा देते हुए कहा कि हमें मां दुर्गा के दर्शन दो बार होते हैं।एक हर साल और दूसरा हर पांच साल में। वह आम लोगों को दुष्ट असुरों से बचाने के लिए आती हैं. उनके पति राज चक्रवर्ती ने भी उनकी इस बात का समर्थन किया. इनके अलावा अभिनेता अबीर चटर्जी भी मतदान केंद्रों पर कतार में खड़े नजर आए। अभिनेत्री सोहिनी सरकार ने भी नीले रंग के सलवार सूट में बूथ पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और स्याही लगी उंगली दिखाकर दूसरों को प्रेरित किया। दिग्गज अभिनेता और टीएमसी के पूर्व विधायक चिरंजीत चक्रवर्ती भी अपनी पत्नी के साथ रासबिहारी निर्वाचन क्षेत्र में वोट डालने पहुँचे. लेकिन वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में आई तकनीकी खराबी के कारण उस समय वोट नहीं डाल पाए.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

### ममता बनर्जी ने बूथों का दौरा कर चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की

**कोलकाता, 29 अप्रैल.** बंगाल में कल आखिरी चरण का चुनाव था जिसमें लोगों ने पुरे हर्षो उल्लास के साथ वोटिंग की। मतदान केंद्रों पर काफी लम्बी कतारें दिखी.वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मतदान के दिन बुधवार सुबह ही घर से बाहर निकल आईं और घोषणा की कि वह मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि भवानीपुर से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए पूरा दिन सड़कों पर बिताएंगी. निवर्तमान मंत्री और पार्टी उम्मीदवार फिरहाद हकीम के आवास पर केंद्रीय बलों और एक पुलिस पर्यवेक्षक द्वारा देर रात की गई छापेमारी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सुश्री बनर्जी ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए और डराने-धमकाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि बॉबी (फिरहाद हकीम) की पत्नी घर पर थीं और वे आधी रात को दरवाजा खटखटा रहे थे। महिलाएं डरी हुई थीं।दूसरे चरण के मतदान में सबकी निगाहें भवानीपुर पर टिकी हैं, जहां सुश्री बनर्जी का मुकाबला शुभेंदु अधिकारी से है. दोनों नेताओं ने अपने दिन की शुरुआत जल्दी की और मतदान केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुश्री बनर्जी सुबह अपने कालीघाट आवास से निकलीं और पद्मपुकुर रोड की ओर बढ़ने से पहले चेतला क्षेत्र का दौरा किया। वह कई बूथों पर रुकीं और एक बूथ का निरीक्षण करने के लिए अपनी कार से बाहर भी निकलीं. हालांकि, श्री अधिकारी ने उनके सुबह-सुबह बाहर निकलने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें दबाव में ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।चेतला दौरे के दौरान सुश्री बनर्जी ने श्री हकीम से मुलाकात की और बाद में मीडिया से कहा कि वह पूरे दिन अपने निर्वाचन क्षेत्र में रहेंगी और एक के बाद एक बूथों का दौरा करेंगी.





### बंगाल चुनाव में हिंसा, बीजेपी उम्मीदवार की गाड़ी पर हमला

**कोलकाता, 29 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल में जारी चुनावी प्रक्रिया के दौरान कई जिलों से हिंसा, हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप की खबरें सामने आई हैं. साउथ 24 परगना जिले में उस समय स्थिति बिगड़ गई जब भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विकास सरदार की कार पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया. हमलावरों ने कार के शीशे तोड़ दिए और उनके सुरक्षाकर्मी की बंदूक छीनने की कोशिश भी की. इसी बीच, हावड़ा जिले के बाली इलाके में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी के आरोप को लेकर लोगों ने जमकर हंगामा किया. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को हस्तक्षेप करना पड़ा. सुरक्षाबलों ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया और हालात को काबू में किया. हुगली जिले के खानकुल में भी विवाद सामने आया, जहां बूथ पर कथित रूप से नकली पोलिंग एजेंट बैठाने को लेकर तृणमूल कांग्रेस और इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई. दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं. वहीं, नादिया जिले के छपरा इलाके में बीजेपी के एक पोलिंग एजेंट ने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उस पर हमला किया और उसे बूथ से बाहर निकालने की कोशिश की.

## राहुल ने ग्रेट निकोबार परियोजना पर सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अंडमान-निकोबार के ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित विकास परियोजना को लेकर सवाल उठाते हुए सरकार से इस पर स्पष्ट जवाब देने को कहा है. श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर क्षेत्र के अपने हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि ग्रेट निकोबार के जंगल अत्यंत प्राचीन और अद्भुत हैं, जिन्हें विकसित होने में पीढ़ियां लगी हैं. उनके अनुसार इस परियोजना के तहत लाखों पेड़ों की कटाई और करीब 160 वर्ग किलोमीटर वर्षावन क्षेत्र को खत्म किया जा रहा है, जो देश की प्राकृतिक और जनजातीय विरासत के लिए गंभीर चिंता का विषय है.

**कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

(मध्यप्रदेश राज्य शासन के शासकीय, मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, स्वशासी एवं स्ववित्तीय (विश्वविद्यालयीन) एवं निजी पोलीटेक्निक संस्थान)
**डिप्लोमा पाठ्यक्रम**
**डिप्लोमा आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम**
**एकलव्य/डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 04.05.2026 से 29.05.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 30.05.2026 से 31.05.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 15.05.2026 से 02.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 03.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 08.06.2026 से 13.06.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 09.06.2026 से 18.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 19.06.2026 से 20.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 10.06.2026 से 22.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 23.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 27.06.2026 से 03.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 04.07.2026 से 12.08.2026 | दिनांक 06 जुलाई 2026 से 12 अगस्त 2026 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 13.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रातः 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

➢ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

म.प्र. माध्यम/125551/2026